तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 28 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 बीरकोंदल शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों का...



12 कोयलीबेड़ा विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था की खुली...






**खबर संक्षेप**



### संकुल शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का किया स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** संकुल केंद्र आमाकड़ा अंतर्गत शासकीय माशा राउरवाही में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं कॉपी-किताब भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्य संकुल प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवड़े ने नियमित विद्यालय आने को सफलता की पहली सीढ़ी बताया। सरपंच बलराम टेपरिया ने बच्चों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम में चंद्रिका नेताम, शिक्षक, एसएमसी सदस्य, पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरिभूमि की सूचना पर पहुंची खनिज विभाग की टीम, दो कंपनियों को नोटिस थमाया

# एनजीटी प्रतिबंध लागू पर रेत एक्सप्रेस है बेकाबू, सरगीपाल में अवैध डंपिंग जारी

*जिले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन का मामला सामने आया है। सरगीपाल में निर्माणाधीन रेलवे रैक (रेल साइडिंग) स्थल पर बड़ी मात्रा में रेत डंप किए जाने के बाद खनिज विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग ने रेत की वैधता, परिवहन अनुमति और स्रोत की जानकारी मांगी है। निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम सरगीपाल क्षेत्र में रेलवे रैक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य में बड़ी मात्रा में रेत का उपयोग किया जा रहा है। 20 जून को देखने को मिला कि लगातार ट्रैक्टर से रेत भैसासालेभाट की नदी से लाकर डंप किया जा रहा था। सुपरवाईजर बोला तो कुछ नहीं, परंतु रजिस्ट्रर दिखाया, जिसमें इस दिन सुबह से लेकर दोपहर 1 बजे तक 61 ट्रैक्टर रेत डंप की गई थी। इसके पहले 10 जून को 140 ट्रैक्टर और 8 जून को 181 ट्रैक्टर रेत के डंप का हिसाब रजिस्ट्रर में उल्लेखित मिला। सुपरवाईजर से हरिभूमि ने जानना चाहा कि यह रेत किसके लिए लाई गई।

▸▸| शेष पेज 12 पर

खबर का असर

**रजिस्टर में 8, 10 और 20 जून को 382 ट्रैक्टर रेत डंप होने का रिकॉर्ड, जांच के घेरे में निर्माण एजेंसी**

भैंयासालेभाट नदी से प्रतिबंध के बीच ट्रैक्टर के माध्यम से रेत परिवहन का आरोप

सड़क बनाने वाली कंपनी एनसी नाहर को भी जारी नोटिस



### हरिभूमि ने खनिज विभाग के संज्ञान में लाया

*हरिभूमि के ब्यूरो चीफ ने खनिज विभाग के संज्ञान में लाया कि सरगीपाल और सड़क बनाने वाले ठेकेदार के द्वारा अवैध ढंग से एनजीटी प्रतिबंध के बावजूद अवैध रेत का परिवहन करवा रहे है। हरिभूमि के द्वारा संज्ञान में लाए जाने के बाद खनिज विभाग का अमला पहुँचा। निरीक्षण के दौरान खनिज इंस्पेक्टर ने रेत के परिवहन से संबंधित दस्तावेज, रॉयल्टी पर्ची, परिवहन चालान तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की। प्रारंभिक जांच में कई दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके।*

### कार्रवाई का यह है प्रावधान

*उल्लेखनीय है कि वर्तमान में एनजीटी के निर्देशों के तहत मानसून अवधि में अधिकांश नदी घाटों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लागू रहता है। इसका उद्देश्य नदियों के प्राकृतिक प्रवाह, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। प्रतिबंध के दौरान बिना वैध अनुमति रेत का उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण नियमों का उल्लंघन माना जाता है और ऐसे मामलों में जुर्माना, खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई तथा वाहन जब्ती तक की कार्रवाई का प्रावधान है।*

### नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

*जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने इस मामले में कहा कि किसी भी निर्माण एजेंसी को नियमों से ऊपर नहीं माना जा सकता। यदि जांच में यह पाया जाता है कि रेत बिना वैध अनुमति अथवा अवैध स्रोत से लाई गई है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नोटिस का जवाब मिलने के बाद उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो आर्थिक दंड के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।*

## उदनपुर के पास मोटरसायकिल पेड़ से टकराई, युवक की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

उदनपुर ग्राम के पास शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान ग्राम जामड़ी निवासी फागूराम उसेंडी पिता लच्छन राम उसेंडी के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परतापुर थाना में शिकायत में बताया गया कि मृतक फागूराम उसेंडी 26 जून शुक्रवार को शाम लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 1091 से कोयलीबेड़ा बाजार गया था। बाजार में आवश्यक कार्य निपटाने के बाद वह अपने गांव जामड़ी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम उदनपुर के पास मुख्य मार्ग पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित एक साजा के पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक को सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोयलीबेड़ा स्थित मर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया और शनिवार 27 जून को पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया। परिजनों द्वारा थाना परतापुर में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

▸▸| शेष पेज 12 पर

## विकास की राह पर असुरक्षा का संकट मावलीपारा के छात्रों की मुसीबत बढ़ी

**निर्माण एजेंसी की लापरवाही सुरक्षित आवागमन का रास्त बचा ही नहीं**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बासनवाही

भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन 6 लेन सड़क जहां क्षेत्र के विकास की नई तस्वीर पेश करने वाली है, वहीं दूसरी ओर मावलीपारा के स्कूली बच्चों के लिए यह परियोजना गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते हाई स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए न तो सुरक्षित आवागमन का मार्ग बचा है और न ही सड़क पार करने की कोई समुचित व्यवस्था की गई है।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में लगी भारी मशीनों और डंपरों की लगातार आवाजाही से पहले से बनी डामर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर कीचड़ और गहरे गड्ढो में बदल गई है। हल्की बारिश होते ही यह मार्ग दलदल बन जाता है, जिससे बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को पैदल चलने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बच्चे फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। मावलीपारा के सरपंच सियाराम कोसमा ने बताया कि सुरक्षित मार्ग की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पहले भी निर्माण कार्य रुकवाया था। उस समय अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न सड़क की मरम्मत हुई और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए।

### दुर्घटना की आशंका फिर भी कार्रवाई नहीं

*पूर्व उपसरपंच हनुमान प्रसाद पांडे ने कहा कि भविष्य में इस 6 लेन सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों का संचालन होगा। ऐसे में यदि स्कूली बच्चों के लिए अंडरपास, पैदल पार-पथ या अन्य सुरक्षित व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से समझौता स्वीकार नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत, सुरक्षित क्रॉसिंग या अंडरपास, निर्माण एजेंसी से पुरानी सड़क का पुनर्निर्माण, स्कूल समय में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती तथा स्थायी समाधान तक वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और निर्माण एजेंसी ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो बच्चों के भविष्य और सुरक्षा को लेकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।*

## घर में घुसकर महिला से की मारपीट व सिर पर पत्थर से किया जानलेवा हमला

*महिला के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज*



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सिदेसर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला के साथ घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट और जानलेवा हमले का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। पीड़िता के पति की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिदेसर निवासी परमानंद जैन ने कांकेर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 24 जून को वह सुबह अपने काम पर गए थे और शाम लगभग 7 बजे जब घर लौटे तो उनकी मां ने बताया कि उनकी पत्नी ममता जैन को गंभीर हालत में डायल 112 की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया है। ऐसी जानकारी मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए और वे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी पत्नी का उपचार जारी था। पीड़िता ममता जैन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दोपहर करीब 1 बजे वह खेत से लौटकर घर पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव का ही चंद्रकांत जैन मोटरसाइकिल से उसके घर पहुंचा और बिना अनुमति घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, थप्पड़ और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने महिला के बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया और हाथ में रखे पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया।

▸▸| शेष पेज 12 पर




**काला झंडा विरोध के दौरान रास्ते में जनआक्रोश का दिखा असर**

# कांग्रेस ने सांसद को दिखाया काला झंडा

*क्षेत्रीय जनसमस्याओं की लगातार अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति को लेकर कोयलीबेड़ा में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा ने सांसद के खिलाफ काला झंडा दिखाकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। यह विरोध क्षेत्र में लंबे समय से लंबित जनहित मुद्दों को लेकर जनता के आक्रोश का प्रतीक बताया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोयलीबेड़ा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा का कहना है कि कोयलीबेड़ा के इतिहास में पहली बार क्षेत्र की जनता के असंतोष के कारण किसी सांसद का इस प्रकार खुलकर विरोध हुआ है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 26 मई से 2 जून तक कोयलीबेड़ा क्षेत्र के 68 गांवों की जनता ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर भीषण गर्मी में लगातार 8 दिनों तक आंदोलन किया, लेकिन इस दौरान न तो सांसद और न ही विधायक आंदोलन स्थल पर पहुंचे और न ही जनता की समस्याएं सुनने की आवश्यकता समझी गई। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब 68 गांवों की जनता अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठी थी, तब जनप्रतिनिधियों की संवेदनाएं कहां थीं और अचानक अब क्षेत्र में आने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि आंदोलन

▸▸| शेष पेज 12 पर

**68 गांवों की उपेक्षा पर फूटा गुस्सा**



### कांग्रेसियों ने आमंत्रण पत्र पर जताई नाराजगी

*ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के आमंत्रण पत्र को लेकर भी नाराजगी जताई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 18 पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उचित स्थान नहीं दिया गया, जबकि बाहरी जनप्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि बनाकर सम्मानित किया गया। कांग्रेस ने इसे स्थानीय प्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता का अपमान बताया है।*

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**कांकेर।** सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शनिवार को भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षु जवान तथा आसपास के गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने भगवान हनुमान से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### कच्ची शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** कोरर पुलिस ने शराब कोचिए के खिलाफ आबकारी एक्ट



के तहत कार्यवाही किया। थाना कोरर पुलिस ने 26 जून को धनेलीकन्हार निवासी सुदाराम जैन पिता देवाराम जैन के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब जप्त किया। मुखबिर की जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया और उसके कब्जे से अवैध शराब को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ोकुर्से थानांतर्गत सुरूंगदोह के खेत कि ओर हल्बा निवासी 22 वर्षीय लव कुमार बेलसरिया पिता स्व. अखिल प्रसाद बेलसरिया का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। शीतलापारा सुरूंगदोह निवासी बिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 25 जून को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 37 रूप नगर निवासी 27 वर्षीय अनिमेश विश्वास पिता अनिल विश्वास ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक द्वारा 26 जून को अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पोलियो टीकाकरण अभियान आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में 28 जून से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 5873 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने बताया कि 28 जून को 160 पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाएंगी। अभियान के सफल संचालन के लिए 319 टीकाकरण अधिकारी-कर्मचारी तथा 25 सेक्टर सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने 528 वायल पोलियो वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

## निधन

### आनंद राम जाड़े

**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सराधुघमरे के



आश्रित ग्राम डोडकाएनहुर निवासी 50 वर्षीय आनंद राम जाड़े का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे प्राथमिक शाला सराधुघमरे के प्रधान पाठक थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दोडकाएनुहुर में किया गया, जिसमें समें बड़ी संख्या में ग्रामवासी रिश्तेदार कर्मचारी उपस्थित रहें। वे तेंदूपत्ता कोड़े समिति के अध्यक्ष अमर जाड़े के बड़े भाई थे।

# कोयलीबेड़ा विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल, स्कूल में शिक्षक मिले नदारद

*नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा, मध्यान्ह भोजन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन पखांजूर क्षेत्र के पीवी 92 स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में इन दावों की जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग नजर आई। स्कूल खुलने के लगभग दस दिन बाद भी यहां मूलभूत व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं लौट सकी हैं।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

कोयलीबेड़ा विकासखंड के पीव्ही 92 स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में 27 जनवरी शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे मीडिया टीम ने स्कूल के बाहर खड़े बच्चो से संवाद किया तो उन बच्चो ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। विद्यालय परिसर में बच्चे उपस्थित तो थे, लेकिन उस समय तक एक भी शिक्षक विद्यालय नहीं पहुँच पाया था, इसके आवा उन्हें निर्धारित समय तक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया था। भोजन न मिलने से बच्चों में असंतोष देखा गया, वहीं अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई। शिक्षकों की अनुपस्थिति में बच्चे बिना किसी शैक्षणिक गतिविधि के स्कूल परिसर में इधर-उधर समय बिताते नजर आए। इससे स्पष्ट है कि विद्यालय में पढ़ाई का माहौल पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों से विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और अन्य कार्य भी करते हुए नजर आए, जो शिक्षा अधिकार और नियमों के विपरीत माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में लंबे समय से व्यवस्थाओं की कमी बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पीवी 92 स्कूल की वर्तमान स्थिति संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब और क्या कार्रवाई करता है।

### बच्चों को समय पर नहीं मिला मध्यान्ह भोजन, छात्र दिखे अंसतुष्ट




**व्यवस्था को सुधार करने की माँग की**

*ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बच्चों की शिक्षा लगातार प्रभावित हो रही है, जबकि शासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो बच्चों का भविष्य प्रभावित हो सकता है।*

### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

*जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि आपके द्वारा विषय को संज्ञान में लाया गया है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा रिपोर्ट मिलने के उपरांत संबंधितो पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।*

### शिक्षा : बच्चों को तिलक लगाकर-मिठाई खिलाकर किया स्वागत

# बीरकोंदल शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों का किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर**




नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह पैदा करने के उद्देश्य से विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतिम ग्राम बीरकोंदल में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बालकों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कर और पुस्तक गणेश भेंट करते हुए उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की रीढ़ है और सरकार द्वारा बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। अभिभावकों से अव्हान किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएं। वहीं शिक्षा सत्र 2025 -26 में एनएमएमएसई, एकलव्य एवं नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों को प्रोत्साहन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टुपेश्वरी उयके जनपद सदस्य भानुप्रतापपुर रहें, विशिष्ट अतिथि में दिलेश्वरी दर्रो जनपद सदस्य भानुप्रतापपुर एवं संरक्षक के रूप में राधेलाल नुरुटी खंड स्त्रोत समन्वयक भानुप्रतापपुर, मुकेश सोनवानी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर उपस्थित रहें। प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संकुल प्राचार्य नेम सिंह गांवरे, संकुल समन्वयक भीरागांव 1 खेमलाल साहू एवं संकुल समन्वयक भीरागांव 2 संतलाल ध्रुव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें माता-पिता समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। संकुल परिवार द्वारा दी गई इस आत्मीय स्वागत से बच्चों के चेहरे पर भी खुशी खिल उठी। इस आयोजन में विकास हुर्रा वार्ड पंच, नकुल हिड़ामी वार्ड पंच ग्राम बीरकोंदल, ग्राम प्रमुख राजेंद्र गावड़े, अनिल हिड़ामी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष,सदस्य एवं संकुल केंद्र भीरागांव, 1, 2 के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।



### सेजेस दुर्गूकोंदल में शिक्षा के नए सफर की शुरुआत, शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस दुर्गुकोंदल में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और अच्छे चरित्र के निर्माण का मंदिर है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति और विद्यालय के विकास में सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और नैतिक मूल्यों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल**

एक दिवसीय आमाबेड़ा प्रवास के दौरान विधायक ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। इस दौरान आयोजित बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ता हैं, कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देकर ही जनता का विश्वास और अधिक मजबूत किया जा सकता है। संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों और पार्टी की रणनीतियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सशक्त संगठन ही प्रभावी जनसेवा का आधार होता है। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों और संगठन विस्तार पर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संदेश दिया।

# निर्दोष आदिवासियों की रिहाई, वन संरक्षण एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना की मांग की

### सर्व आदिवासी समाज ने उपमुख्यमंत्री शर्मा मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़**



सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को ग्राम पंचायत बोड़ागांव स्थित कैंप वीर गुंडाधुर सेवा डेरा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर आदिवासी समाज से जुड़े चार प्रमुख मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने रावघाट क्षेत्र में कथित अवैध वन कटाई पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को प्रमुखता से उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने कहा कि रावघाट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध वन कटाई से जल, जंगल और जमीन पर निर्भर आदिवासी समुदाय की आजीविका प्रभावित हो रही है, उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर अवैध कटाई में संलिप्त ठेकेदारों, माफियाओं एवं संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा पेसा अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं की भूमिका सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कांकेर जिले में नक्सली मामलों में जेल में बंद लगभग 48 निर्दोष आदिवासियों की निष्पक्ष जांच कर अविलंब रिहाई की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि जिन लोगों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक रिहा कर पुनर्वास की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा वलेक्कनार स्थित सामाजिक समरसता से संचालित आवासीय विद्यालय को शासकीय योजना में शामिल कर बच्चों के लिए नियमित राशन, पोषण आहार, गणवेश, पाठ्य सामग्री एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासी संस्कृति, परंपरा, भाषा, रूढ़िगत न्याय व्यवस्था एवं पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से आदिवासी अनुसंधान केंद्र की स्थापना की मांग भी रखी। समाज का कहना है कि इससे आदिवासी इतिहास, गोंडी भाषा, लोककला, गीत-संगीत एवं पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण होगा और नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकेगी। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से इन सभी मांगों पर शीघ्र एवं सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान गोंडवाना समाज के अध्यक्ष संतलाल दुग्गा, आमाबेड़ा परगना अध्यक्ष बीजू नुरूटी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

### 13 लाख की लागत से बन रहे टिना शेड की गुणवत्ता पर उठे सवाल



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत भुसकी में प्राथमिक शाला के सामने लगभग 13 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे टीना शेड निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर स्वीकृत राशि, निर्माण एजेंसी और कार्य से संबंधित जानकारी देने वाला अनिवार्य सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। इससे लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि निर्माण कार्य कितनी लागत से और किसके द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम निवासी रूपसिंह कोवाची, शिवकुमार गावड़े, मेहरसिंग दुग्गा और परदेशी उसेंडी ने बताया कि टीना शेड की नींव कमजोर बनाई जा रही है। वहीं उपयोग किए जा रहे पोल और टीन की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश गावड़े ने भी स्वीकार किया कि प्राथमिक शाला के सामने टीना शेड का निर्माण दीपांकर सिन्हा द्वारा कराया जा रहा है तथा कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। एसडीओ देवेंद्र हठिले ने कहा कि टीना शेड निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य की एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतें हैं और सभी सरपंचों को निर्माण स्थल पर स्वीकृत राशि एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने के लिए सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# 58 स्कूल बसों की जांच में मिलीं अनेक खामियों पर थमाए नोटिस



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

जिले में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान 19 स्कूलों की 58 बसों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों और आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जिन बसों में खामियां मिलीं, उन्हें नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशानुसार जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नरहरदेव मैदान में स्कूल बसों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी दीपक साव एवं यातायात पुलिस की टीम ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा नेत्र सहायक सपन वट्टी की टीम के साथ मिलकर जिले के 19 स्कूलों में संचालित लगभग 58 स्कूल बसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बसों के समस्त दस्तावेज, फिटनेस, चालक-परिचालक की पात्रता, इमरजेंसी एग्जिट, स्पीड गवर्नर, पैनिक बटन, अग्निशमन यंत्र तथा फर्स्ट एड बॉक्स सहित सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की गई। जांच में जिन बसों में निर्धारित मानकों की कमी पाई गई, उन्हें नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बस चालकों एवं परिचालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की समझाइश भी दी गई। उन्हें प्रत्येक बस में हेल्पर रखने, ओवरलोडिंग नहीं करने, निर्धारित वर्दी में ड्यूटी करने, बच्चों को सड़क पार कराते समय हेल्पर की सहायता लेने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने तथा स्कूल बसों में बच्चों के अलावा किसी अन्य या अज्ञात व्यक्ति को नहीं बैठाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नए वाहन चालक रखने से पहले उनके दस्तावेजों का सत्यापन कराने और विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया।

## पेज 11 के शेष

### एनजीटी प्रतिबंध लागू पर रेत...

परंतु उनका जवाब कुछ नहीं मिला। आसपास गांव के लोगों से इस मामले को जानने का प्रयास किया, परंतु सभी ने मौन साध लिया, वहीं स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद नदी से रेत निकालकर निर्माण स्थल तक पहुंचाई जा रही है।

### उदनपुर के पास मोटरसायकिल पेड़...

परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर बताया गया है कि फागूराम उसेंडी की मृत्यु मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाने के कारण सड़क किनारे पेड़ से टकराने से हुई है। पुलिस ने मामले में धारा 106 (1) एवं 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में ले ली है।

### घर में घुसकर महिला से की मारपीट...

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचने लगे तो आरोपी ने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गया।बाद में पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोलकर पीड़िता को बाहर निकाला गया और डायल 112 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चंद्रकांत जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 333 एवं 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### कांग्रेस ने सांसद को दिखाया काला झंडा...

के दौरान क्षेत्रीय समाज एवं प्रतिनिधियों द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि जब तक सांसद और विधायक जनता से संवाद नहीं करेंगे, तब तक उनके किसी भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांग्रेस का कहना है कि काला झंडा विरोध के दौरान विधायक विक्रम उसेंडी को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए बीच रास्ते में वाहन बदलना पड़ा, जो जनता के व्यापक आक्रोश का स्पष्ट संकेत है। पार्टी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की यह कार्यशैली जनता की भावनाओं और संघर्षों की अनदेखी को दर्शाती है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और वह जनहित, सम्मान एवं अधिकारों के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### दिनभर बाधित हो रही दिनचर्या

# आमाकड़ा के स्कूलपारा में बिजली की आंख-मिचौनी से ग्रामीण परेशान

*विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकड़ा के स्कूल पारा में पिछले कई दिनों से अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रहने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन में कई बार बिजली गुल हो जाती है और वोल्टेज भी सामान्य से काफी कम रहता है, जिससे घरेलू एवं शैक्षणिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल**




ग्रामीणों के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली की आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार 15 से 30 मिनट तक बिजली रहने के बाद 5 से 6 घंटे तक आपूर्ति बंद हो जाती है। इस अनियमितता के कारण मोबाइल चार्जिंग, पेयजल की मोटर, पंखे, घरेलू उपकरण और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कम वोल्टेज की समस्या के कारण विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल पारा में आंगनबाड़ी केंद्र तथा हायर सेकेंडरी स्कूल भी संचालित है। बार-बार बिजली बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई, शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। गर्मी और उमस के बीच बिजली की लगातार कटौती से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उनका आरोप है कि ओवरलोड ट्रांसफार्मर और लूज विद्युत तारों के कारण बार-बार यह समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर के कनिष्ठ अभियंता तथा कलेक्टर से मांग की है कि स्कूल पारा में लगे ओवरलोड ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदला जाए तथा लूज तारों की मरम्मत कर नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्हें आगे भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

खबर संक्षेप

## आवास प्लस बैठक में 107 परिवारों की सूची पर चर्चा



**घाटलोहंगा।** ग्रापं घाटलोहंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। पंचायत क्षेत्र के 107 पात्र परिवारों की सूची प्रस्तुत की गई तथा योजना से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों ने पात्रता, नामों के सत्यापन तथा योजना के लाभ को लेकर अपने सुझाव और जिज्ञासाएं रखीं। पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों ने ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि सूची शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार तैयार की गई है तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस दौरान सरपंच दिया भद्रे,सचिव पदमनाथ कश्यप, तुलसी राम ठाकुर, हल्का पटवारी भरत लाल पटेल, कोटवार नाग, कमल भद्रे, सहायक सचिव नवीना, निमेद तिवारी, पंच फूलसिंग बघेल, हलधर कश्यप, पूर्व सरपंच एवं पंच चम्पा बघेल,पंच गण एवं ग्रामीण उपस्थिति थे।

## निधन

### नारायण चंद्र सरकार

**जगदलपुर।** पूर्व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू रॉय के छोटे भाई नारायण चंद्र सरकार का आकस्मिक निधन 25 जून को हो गया है। वे छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष, एजी आफिस के सेक्शन अधिकारी व भाजपा के सक्रिय सदस्य व समाजसेवी थे। आज अंजू शिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण संस्था में स्व. नारायण चंद्र सरकार को श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। इस मौके पर अंजू रॉय, अनीता श्रीवास्तव, करुणा सरकार, मीना साहू आदि मौजूद थे।



# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

- शाला प्रवेश उत्सव में शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिरिसगुड़ा में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि विधायक विनायक गोयल रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना है। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 30 बालिकाओं को सायकलों का वितरण किया गया। सायकल प्राप्त करने वाली छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना, उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करना है। उन्होंने छात्राओं से पूरी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण भी किया गया। नए गणवेश प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण मंच है, जहां बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखी जाती है।पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी किया गया। सांसद एवं विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

इस आयोजन ने विद्यालय परिसर में आत्मीयता, समानता और अपनत्व का वातावरण निर्मित किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। समापन अवसर पर सांसद एवं विधायक ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं। उनके मार्गदर्शन और समर्पण से ही बच्चे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिव सुयवशी, मुन्ना कश्यप उर्मिला गोयल जीवनाथ मौर्य, बाबुल नाग, सतीश अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता, बच्चे, शिक्षक उपस्थित रहे।

# विकास की नई संभावनाएं बदलते बस्तर की बनी पहचान : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा





जो क्षेत्र कभी असुरक्षा और हिंसा के कारण चर्चा में रहते थे, वहीं आज महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, पोषण और सामाजिक विकास के केंद्र बन रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और नई संभावनाओं का सृजन कर रही हैं। उक्त बातें महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कही।

कभी नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहे सुदूर अंचलों में अब शिक्षा, स्वास्थ्य,

- सड़क मार्ग से जगरगुंडा पहुंचने वाली पहली महिला मंत्री

महिला सशक्तिकरण और आजीविका के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इसी परिवर्तनशील बस्तर की तस्वीर को और सशक्त करने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एक दिवसीय प्रवास पर सुकमा जिले के जगरगुंडा, चिंतलनार, पूवर्ती और सिलगेर पहुंचीं। विशेष महत्व की बात यह रही कि श्रीमती राजवाड़े सड़क मार्ग से जगरगुंडा पहुंचने वाली पहली महिला मंत्री बनीं। वर्षों तक नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे इस क्षेत्र में उनका आगमन विकास और शासन की संवेदनशील उपस्थिति का प्रतीक बनकर उभरा। दौरे के दौरान मंत्री ने पूवर्ती एवं सिलगेर स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया तथा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रमों में शामिल होकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया, ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जो क्षेत्र कभी असुरक्षा और हिंसा के कारण चर्चा में रहते थे, वहीं आज महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, पोषण और सामाजिक विकास के केंद्र बन रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और नई संभावनाओं का सृजन कर रही हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। प्रवास के दौरान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जगरगुंडा स्थित कृतिका महिला संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) भवन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी आजीविका, स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सेवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### शासन के प्रति बढ़ा विश्वास

ग्रामीण महिलाओं ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार कोई महिला मंत्री सड़क मार्ग से सीधे जगरगुंडा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने और संवाद करने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल शासन के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करने वाली है तथा यह अनुभव कराती है कि विकास की मुख्यधारा अब वास्तव में उनके गांव तक पहुंच चुकी है।

### शांति का नया वातावरण निर्मित

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साहस, स्थानीय जनसमर्थन और सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के समन्वित प्रयासों से सुकमा में शांति, स्थायित्व और समृद्धि का नया वातावरण निर्मित हुआ है। जगरगुंडा, पूवर्ती और सिलगेर जैसे क्षेत्रों में आज बच्चों की मुस्कान, महिलाओं का बढ़ता आत्मविश्वास और विकास की नई संभावनाएं बदलते बस्तर की सशक्त पहचान बन चुकी हैं।

### शहादत को किया नमन

सुकमा महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सुकमा जिले के जगरगुंडा स्थित शहीद एएसआई रामू राम नाग के निवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा एवं जनसेवा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शहीद की माताजी से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य धरोहर है तथा उनके परिवारों का सम्मान और संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## 6 ग्राम पंचायतों में 53.56 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत तुरपुरा, खंडसरा, कोटगढ़, सालेमेटा, छुरावंड एवं खड़का में आज विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इन कार्यों की कुल लागत 53 लाख 56 हजार रुपये है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य गौरव कश्यप, प्रवीण सांखला, तुलसू कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, घनश्याम पानीग्राही, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं जनपद पंचायत के सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार जताया।

# पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित



**गीदम।** माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला स्कूलपारा जावंगा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया गया। माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पार्वती कश्यप एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवनलाल ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। ग्राम पंचायत जावांगा सरपंच बोमड़ा कोवासी, गीदम जनपद सदस्य आरती कोवासी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए प्रत्येक बच्चे के विद्यालय में प्रवेश एवं नियमित अध्ययन का संकल्प लिया। शाला प्रवेश उत्सव का संचालन जावंगा संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में गीदम खंड शिक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता, गीदम खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल प्राचार्य राजेंद्र श्रीवास्तव, रेवेंद्र झाड़ी व्याख्याता उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



जिले के ग्राम करपावंड में बाजार स्थल के निकट सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय कबीर पंथ के अनुयायियों के सहयोग एवं उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः लगभग सात बजे सद्गुरु कबीर साहब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर गुरु महिमा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

दोपहर एक बजे से सद्गुरु कबीर साहब का भजन कीर्तन करते हुए आमिन माता मंडल की महिलाओं, युवाओं, संतजनों के साथ धनी धर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर एवं तहसील करपावंड, बकावंड व भानपुरी तहसील के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल से मुख्य मार्गों पर कलश यात्रा निकाली। इस दौरान बीच-बीच में साहेब बंदगी साहेब का उद्घोष किया जाता रहा।

शोभा यात्रा सम्पन्न होने के पश्चात बस्तर संभाग के कबीर पंथ प्रचारक महंत फूलदास साहेब ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सद्गुरु कबीर साहब एवं धनी धर्मदास साहब के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहब सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग में अवतरित हुए और मानव समाज को सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा समाज में फैले जाति-पाति, आडम्बर एवं बुराईयों से दूर रहने के साथ आपसी भाईचारे, प्रेम, दया का पाठ पढ़ाया। आये एक देश से, उतरे एक ही घाट,हवा लगी संसार की, हो गये बारह बाट। महंत फूलदास साहेब के प्रवचन के बाद सात्विक यज्ञ (चौका आरती) किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया और उसके बाद भोजन कराया गया।

# लाल आतंक के साए से बाहर, अब चटाई पर बैठ सुनी जा रही जनता की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

- कभी दुर्दांत नक्सली हिड़मा, बारसे देवा और पापाराव की गतिविधियों का केंद्र था



जिले का कोंटा विकासखंड कभी देश के नक्शे पर घने जंगलों और भारी नक्सली हिंसा के लिए जाना जाता था। लेकिन आज इसी क्षेत्र का ग्राम पंचायत करीगुंडम विकास की एक नई और गौरवशाली इबारत लिख रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 160 किलोमीटर दूर स्थित यह वही इलाका है, जो कभी खूंखार नक्सली कमांडर हिड़मा, बारसे देवा और पापाराव का महफूज ठिकाना हुआ करता था। समय बदला, सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ा और शासन की नीतियां जमीनी स्तर पर उतरीं, तो आज यहाँ बंदूक की गूंज की जगह विकास की गूंज सुनाई दे रही है। इसी जमीनी हकीकत को परखने और ग्रामीणों का हौसला बढ़ाने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी दुर्गम और कच्चे रास्तों का सफर तय कर करीगुंडम पहुंचीं। उनका यह दौरा प्रशासनिक व्यवस्था और ग्रामीणों के बीच बढ़ते विश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक बनकर उभरा।

### करीगुंडम को शत-प्रतिशत पीएम आवास

दीपिका शोरी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा करीगुंडम को शत-प्रतिशत पीएम आवास की स्वीकृति मिलना यह साबित करता है कि सरकार बस्तर के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले कुछ महीनों में इस पूरी पंचायत में एक भी कच्चा मकान नहीं बचेगा। भले ही नक्सलवाद का दौर खत्म हो चुका हो, लेकिन मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह बहाल होना अब भी बाकी है। ग्रामीणों ने इस चौपाल में प्रमुखता से अपनी सबसे बड़ी समस्या उठाई बिजली का न होना। ग्रामीणों ने बताया कि पड़ोसी ग्राम पालोड़ी तक बिजली की लाइन पहुंच चुकी है, जहां से करीगुंडम की दूरी महज 5 किलोमीटर है।

# विद्यार्थियों ने नियमित उपस्थिति का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत घाटलोंहगा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल में प्रधान अध्यापक दर्शना जैन के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तरीय स्कूल प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार करना था। कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं विद्यालयी गणवेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिनमें से कई पालक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा पालकों का स्वागत कर उन्हें अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, पालकों, अतिथियों एवं शिक्षकों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। विद्यालय परिवार ने शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने विद्यालय में मिले स्नेहपूर्ण स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नियमित अध्ययन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा विद्यालय से जुड़ाव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दौरान रोमांचल पांडे, अल्पना पात्र, रुपाली नेताम, सम्मी सहजहां,मन्नू राम ठाकुर, तुलसी राम ठाकुर, रसोया, एवं छात्र-छात्राएं और अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की कार्रवाई का धरातल पर दिखने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



जिले में संचालित शाला प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने 25 जून को जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तथा बालक आश्रमों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला निरगुण्डी, नीलावरम, कोण्डरे, मानकापाल, गुफड़ी, मुतोड़ी, गोंदपल्ली, पेसलपारा, डोकापारा एवं ऐटपाल सहित दर्जनों विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, शैक्षणिक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तथा विद्यालयों की समग्र कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम मिली, वहीं कुछ शिक्षक संकुल भ्रमण पर पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्या समीक्षा ऐप में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की जाए तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का समय पर वितरण, मध्यान्ह भोजन एवं 'न्योता भोज' के सुचारू संचालन, पाठ्यक्रम विभाजन, चखना पंजी तथा डेली डायरी को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। जिला शिक्षाधिकारी ने अपने निरीक्षण में विद्यालयों में प्रतिदिन निर्धारित समय पर पाँच प्रार्थनाओं का आयोजन, भोजन मंत्र, संध्या के समय राज्यगीत एवं अन्य निर्धारित मंत्रों का वाचन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को जन कल्याण संस्था ने बांटीं कॉपी-पुस्तकें



**पखांजुर।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परलकोट जन कल्याण सेवा संस्था पखांजुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को कॉपी एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया तथा संस्था के इस प्रयास की सराहना की गई। संस्था के सदस्यों ने ग्राम जबेली और जामकुटनी के प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा शिक्षा के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। संस्था के पदाधिकारी प्रशांत कुलु ने बताया कि संस्था का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है, भविष्य में भी संस्था द्वारा ऐसे सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य मनोज मंडल, दशरथ एक्का, देव विश्वास, सुजीत मजूमदार, सूरज इक्का, मनोज सरकार, प्रधानाध्यापक अशोक मृधा, रमेश टंडन, भारती शोरी, श्यामलाल मंडावी और जयसिंह मंडावी सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्तु कोवाची, उपाध्यक्ष रामसिंह वड्डे, सदस्य नरेश जुर्री, सायदो बाई वड्डे, सपना कोवाची, सफाई कर्मचारी मनोज वड्डे, नड़गु उईके तथा अन्य ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### वन विभाग के नोटिस के बाद हरिभूमि ने मांगा पक्ष, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी बरकरार

# रावघाट सड़क विवाद पर बीएसपी मौन वन विभाग की कार्रवाई पर आधिकारिक बयान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रावघाट क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) को नोटिस जारी किए जाने के बाद मामला लगातार चर्चा में है। नोटिस के बाद पूरे मामले में बीएसपी प्रबंधन का पक्ष जानने के लिए हरिभूमि की ओर से संबंधित अधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी चाही गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी भी अधिकारी की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे में पूरे मामले को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

रावघाट क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग की कार्रवाई के बाद यह स्वाभाविक था कि निर्माण एजेंसी और बीएसपी प्रबंधन अपना पक्ष सामने रखे। इसी उद्देश्य से हरिभूमि ने बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया। हरिभूमि ने 27 जून को प्रकाशित समाचार को अधिकारियों को वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध करवाया और यह जानना चाहा गया कि क्या सड़क निर्माण के लिए आवश्यक वन अनुमति ली गई थी, नोटिस मिलने के बाद विभाग की क्या प्रतिक्रिया है और आगे की क्या कार्ययोजना होगी।


वनपाल व वनरक्षक को क्षेत्र से हटाया और दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि की खबर पर वन विभाग की कार्रवाई बीएसपी को नोटिस, रेंजर-एसडीओ भी घेरे में

1340 मीटर लंबा और 9.95 चौड़े पहाड़ को काटकर बनाई अवैध सड़क

रावघाट में लौह अयस्क परिवहन के लिए बनाई जा रही सड़क से वन विभाग अनजान

सरकार की छवि खराब करने वाले बचेंगे या रहेंगे

एसडीओ, रेंजर सहित 7 को नोटिस, 5 को हटाया

बीएसपी को नोटिस जारी, कार्रवाई होना तय

हरिभूमि फॉलोअप

### जवाब आने तक मुद्दा बना रहेगा चर्चा का केंद्र

फिलहाल वन विभाग की कार्रवाई और बीएसपी की चुप्पी दोनों ही चर्चा का विषय बने हुए हैं। क्षेत्र के लोग और जनप्रतिनिधि भी इस मामले में आधिकारिक स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं। यदि बीएसपी की ओर से भविष्य में कोई प्रतिक्रिया या स्पष्टीकरण जारी किया जाता है, तो उससे पूरे मामले की स्थिति और अधिक स्पष्ट हो सकेगी। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वन विभाग के नोटिस पर बीएसपी प्रबंधन कब अपनी चुप्पी तोड़ता है और पूरे मामले में अपना आधिकारिक पक्ष सामने रखता है। तब तक यह मुद्दा प्रशासनिक और जनचर्चा का केंद्र बना रहेगा।

हालांकि समाचार तैयार किए जाने तक बीएसपी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण मामले में संबंधित विभाग का पक्ष सामने आना जरूरी है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं प्रशासनिक हलकों में भी इस बात की चर्चा है कि वन विभाग की कार्रवाई के बाद बीएसपी की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि किसी भी सार्वजनिक परियोजना में यदि किसी विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जाता है तो संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी होती है कि वह अपना पक्ष स्पष्ट करे। इससे न केवल तथ्यों की स्थिति सामने आती है, बल्कि लोगों के बीच भ्रम की स्थिति भी समाप्त होती है। सूत्रों के अनुसार रावघाट परियोजना से जुड़े अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी भिलाई में पदस्थ हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल पा रही है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बीएसपी की ओर से आधिकारिक बयान कब जारी किया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, रैंप वॉक ने किया आकर्षित



**कांकेर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर में शनिवार को कक्षा प्रथम के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम प्रवेशोत्सव का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना तथा उन्हें विद्यालय के शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक परिवेश से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राथमिक शिक्षिकाओं गुरबीन कौर एवं कृतिका बरनवाल ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य एवं आकर्षक एक्शन सॉन्ग ने समारोह में उल्लास एवं उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षक गुंजारी लाल साहू एवं प्राथमिक शिक्षिका गुरबीन कौर ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, विभिन्न गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं तथा विषय शिक्षकों का परिचय कराया, जिससे अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली एवं शैक्षिक वातावरण की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। समारोह का मुख्य आकर्षण कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग रैंप वॉक रहा। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने प्रकृति, पर्यावरण, अंतरिक्ष, फल एवं अन्य विषयों पर आधारित आकर्षक वेशभूषा में आत्मविश्वासपूर्वक अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों की भरपूर सराहना अर्जित की। विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए तथा नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान अर्जन का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा करते हुए विद्यालय द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## कांकेर से जुड़ रहा दुर्गम इलाका अबूझमाड़, मॉड्यूलर ब्रिज से खुलेंगे विकास के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/छोटे कापसी

कांकेर सीमा से लगे अबूझमाड़ अब विकास की नई दिशा की ओर तेजी से अग्रसर है। लंबे समय से पिछड़े इस क्षेत्र में सीमा सड़क संगठन की हीरा परियोजना के तहत सड़क और पुल निर्माण कार्यों ने गति पकड़ ली है।

कांकेर-नारायणपुर को जोड़ने वाली बांदे-छोटेबेठिया-सीताराम सड़क पर सीताराम नदी पर 47 बीआरटीएफ द्वारा मॉड्यूलर ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। हाल ही में 47 बीआरटीएफ के कमांडर यूएन सिंह ने अबूझमाड़ के अंदरूनी इलाकों का दौरा कर निर्माणाधीन पुलों का उच्च स्तरीय तकनीकी एवं गुणवत्ता निरीक्षण किया। यह संपूर्ण परियोजना हीरक परियोजना के मुख्य अभियंता आरएस राव के मार्गदर्शन और 47 बीआरटीएफ के कमांडर यूएन सिंह के नेतृत्व में संचालित हो रही है। जमीनी स्तर पर इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफल बनाने में 83 आरसीसी की टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है, जिसमें ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल ललित कुमार सहित तकनीकि अधिकारी एस कट्टम राजू, एल बसवा राजू और डी मनोज कुमार लगातार निगरानी कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कमांडर ने पंगुड़-कोंगे मार्ग और कोंगे-सीताराम मार्ग पर बन रहे अत्याधुनिक मल्टीस्पैन मॉड्यूलर ब्रिजों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सभी निर्माण कार्य अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। इस परियोजना से नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव जिलों के बीच सड़क संपर्क मजबूत होगा। साथ ही बांदे-छोटेबेठिया मार्ग के जरिए यह नेटवर्क आगे चलकर महाराष्ट्र राज्य तक विस्तारित होगा, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान कमांडर ने कार्यरत इंजीनियरों, जवानों और स्थानीय श्रमिकों के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ जैसे कठिन क्षेत्र में कम समय में मजबूत पुलों का निर्माण टीम की प्रतिबद्धता और साहस का प्रतीक है। उन्होंने इन पुलों को अबूझमाड़ की लाइफलाइन बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740